# मध्यप्रदेश पर्यटन
# क्विज़ प्रतियोगिता 2018
## जिला स्तरीय आयोजन

**दिनांक : 31 जुलाई, 2018** **समयः 2 घंटा** **प्रातः 10 से 12 बजे तक**

**प्रतिभागी दल के सदस्यों के नाम**

1. नाम..........................................................................कक्षा..........................
2. नाम..........................................................................कक्षा..........................
3. नाम..........................................................................कक्षा..........................

विद्यालय का नाम.........................................................जिला ........................

**कृपया ध्यान पूर्वक निम्नलिखित निर्देशों का अध्ययन करें, तत्पश्चात प्रश्न–पत्र को हल करें।**

1. प्रश्न पत्र में कुल 10 खण्ड हैं। प्रत्येक खण्ड में 10–10 प्रश्न हैं। इस प्रकार कुल प्रश्नों की संख्या 100 है। आपको उत्तर लिखने के लिए पृथक से उत्तर पत्रक दिया जा रहा है। उत्तर पत्रक में प्रत्येक विद्यालय के तीनों विद्यार्थी का नाम लिखेगें। इसके उपरान्त उत्तर–पत्रक में प्रश्न क्रमांक के सामने रिक्त स्थान में अपना उत्तर लिखना प्रारम्भ करेंगें।
2. प्रश्न का उत्तर एक बार में ही लिखना होगा। काटकर लिखा गया उत्तर अमान्य होगा।
3. प्रत्येक सही उत्तर पर 01 अंक दिया जायेगा। प्रश्न हल न करने अथवा गलत हल करने की स्थिति में 0 (शून्य) अंक दिया जायेगा।
4. इस प्रश्न–पत्र को प्रत्येक विद्यालय से आये 03 सदस्यीय टीम एक साथ मिलकर हल करेगी।
5. प्रत्येक टीम को प्रश्न–पत्र के आधार पर उत्तर–पत्रक में उत्तर लिखना हैं। प्रश्न–पत्र विद्यार्थी अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु उत्तर–पत्रक प्रत्येक टीम को अनिवार्यतः कक्ष पर्यवेक्षक के पास जमा करना होगा।
6. मूल्यांकनकर्ता उत्तर–पत्रक के मूल्यांकन के दौरान निर्देशक के निर्देशों का पालन करते हुए मूल्यांकन करेंगे।
7. उत्तर–पत्रक पर पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकनकर्ता दोनों के हस्ताक्षर होंगे।



## खण्ड – '1' (बहुविकल्पी प्रश्न)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 01 से 10 में प्रत्येक प्रश्न में 4 (चार) विकल्प दिये गये हैं इनमें से सही उत्तर का विकल्प छांट कर आपको उत्तर पुस्तिका में लिखना है।**

(1) डिण्डोरी निवासी दूलिया जनजाति द्वारा लोक वाद्य यंत्र पर किया जाने वाला प्रसिद्ध लोकनृत्य है–

(अ) बिनाकी (ब) गुदमबाजा

(स) परघोनी (द) बिलबारी

(2) मुरैना जिले के नूराबाद के निकट मुगलकाली किला जिसमें लाखोड़ी ईंटों का इस्तमाल किया गया है –

(अ) संबलगढ़ किला (ब) सिहोनिया जिला

(स) सुमावली (द) पहाड़गढ़ किला

(3) भिण्ड जिले में महाराजा बदनसिंह द्वारा निर्मित अटेर का किला है इसे किस नाम से जाना जाता है–

(अ) कोटिदेव गिरी (ब) वन खण्डेश्वर गिरी

(स) जवाहर गिरि (द) भदोरिया गिरि

(4) ग्वालियर का किला किस प्रकार के पत्थरों से निर्मित है –

(अ) लाल पत्थर (ब) बलुआ पत्थर

(स) काला पत्थर (द) ग्रेनाइट पत्थर

(5) मण्डला जिले के रामगढ़ रियासत की महारानी थी –

(अ) झलकारी बाई (ब) दुर्गावती

(स) अवंती बाई (द) गिरधारी बाई

(6) प्रसिद्ध इतिहासकार एवं पुरातत्व विशेषज्ञ विष्णु वाकणकर द्वारा निम्न में से किस पर्यटन केन्द्र की खोज की गई थी –

(अ) भोजपुर (ब) सत्धारा बौद्ध स्तूप

(स) उदयगिरी की गुफायें (द) भीम बैठिका

(7) रीवा जिले के त्यांथर पर्यटन केन्द्र में किस सभ्यता एवं इतिहास के प्रमाण मिले –

(अ) बौद्धकालीन (ब) मौर्यकालीन

(स) गुप्तकालीन (द) मुगलकालीन

(8) 1887 में ब्रिटिशकाल में स्थापित एडवर्ड म्यूजियम/सेन्ट्रल लायब्रेरी को मध्य प्रदेश शासन ने 1964 में उद्ग्रहित किया। यह राज्य संग्रहालय के नाम से यह किस पर्यटन केन्द्र में स्थापित है–

(अ) इन्दौर (ब) भोपाल

(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

(9) सत्रहवीं शताब्दी में दतिया जिले में महाराज बीर सिंह के द्वारा निर्मित महल जो बुन्देला राजपूत शैली का स्वरूप है, इस महल का नाम है –

(अ) प्रतापगढ़ दुर्ग (ब) कनहरगढ़ दुर्ग

(स) रतनगढ़ (द) सतखण्डा महल

(10) देवास जिले में स्थित वह स्थान जो परमार कालीन तथा जैन मूर्तियों के लिये पुरातत्व धरोहर के रूप में जाना जाता है –

(अ) पुष्पगिरी (ब) बागली

(स) गन्धर्वपुरी (द) नेमावर

## खण्ड – '2' (रिक्त स्थान की पूर्ति करें)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 11 से 20 तक के सभी प्रश्नों में रिक्त स्थान दिये गये हैं आपको प्रश्न पढ़कर सही उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखना है –**

(11) रतलाम शहर की स्थापना के समय निर्मित तीन द्वार वाला ऐतिहासिक एवं पुरातत्व दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रवेशद्वार का नाम ...................................... है।

(12) शाजापुर के निकट स्थित सैयद युसुफ खा़न की दरगाह .................................. समाज के अनुयायियों की आस्था का केन्द्र है।

(13) मोतीसागर एवं रत्नासागर तालाब मध्य प्रदेश के ........................................जिले में स्थित है।

(14) मंदसार स्थित पशुपतिनाथ मंदिर की प्रतिमा ............................................नदी में सन् 1940 में प्रगट हुई थी जिसकी प्राण प्रतिष्ठा सन् 1961 में स्वामी प्रत्याक्षनंद महाराज द्वारा की गई।

(15) कवि चन्द्र बरदाई के पृथ्वीराज रासो ग्रन्थ में ................................. जिले का उल्लेख मिलता है।

(16) भारत के सात (07) प्रमुख धार्मिक नगरी में एक अवंति राज्य की राजधानी उज्जयनी का उल्लेख ......................... पुराण में मिलता है।

(17) इन्दौर स्थित एक अनोखा प्रतिमा विहीन मंदिर .............................. है जिसमें किसी भी धर्म के अनुयायी आकर पूजन एवं आराधना कर सकते है।

(18) धार जिले में मुम्बई के प्रसिद्ध मूर्तिकार रधुनाथ कृष्ण फड़के द्वारा निर्मित मूर्तियों का स्टूडियों (संग्रहालय) खाण्डेराव टेकरी पर स्थित है इसका नाम .....................................है।

(19) .....................................जिले का विन्ध्य पर्वत श्रेणियों से घिरा हुआ मथवाड़ पर्वतीय क्षेत्र है, जहां ग्रामवासी एवं जंगली जानवरों की धनी आबादी है यहाँ पंहुचने हेतु 10 (दस) किलोमीटर की खड़ी घुमावदार चढ़ाई से गुजरना होता है। यहाँ काजल रानी का प्रसिद्ध मंदिर है।

(20) अमरवुड़, मोहन कोट, मालवई, देवझिरि और लखयनी ग्राम ................................ जिले के पर्यटन स्थल है।

## खण्ड – '3' (सही या गलत कथन का चयन करें)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 21 से 30 तक में कथन दिये गये हैं, इनमें से कुछ सही एवं कुछ गलत हैं, कथन को पढ़कर सही/गलत को पहचानकर उत्तर पुस्तिका में लिखियें –**

(21) बड़वानी स्थित जयंती, बावन गजा, वीरेश्वर महादेव मंदिर, अंजद तथा भावरगढ़ किला, सतपुरा महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है।

(22) बैतूल जिला विन्ध्याचल की पहाड़ियों को समेटे है इसके उत्तर में बैरार मैदान तथा दक्षिण में नर्मदा नदी प्रवाहित होती है।

(23) श्योपुर जिले की चम्बल, सीप तथा कूनो प्रमुख नदियाँ है, लकड़ी की नक्काशी यहाँ की प्रमुख कला है, ककेता बांध मुख्य जल स्त्रोत है।

(24) बालाघाट में सतपुड़ा की मैकल पर्वत श्रंखला है यहाँ हैलोनवादी उद्यान है, मध्यप्रदेश का राजकीय पशु बारहसिंगा यहाँ का संरक्षित जीव है।

(25) बुरहानपुर मौर्यकालीन सभ्यता का प्रमुख नगर रहा है वर्तमान म मुमताज महल की स्थायी कब्र यहीं स्थित है।

(26) खरगौन स्थित कसराबद आर्कषक डिजाइन वाली रंग–बिरंगी सूती साड़ियों के लिये जाता जाता है यहीं भवानी माता मंदिर, गंगलेश्वर स्थित मजार तथा प्राचीन कैलाश–कुंड प्रमुख पर्यटन केन्द्र है।

(27) पार्वती कुंज, खण्डवा स्थित महान गायक किशोर कुमार का जन्म स्थान स्मारक है, यहीं स्थित प्रेक्षाग्रह इनके माता–पिता के नाम पर है।

(28) बेग़मगंज का किला, गोरखपुर दीवार, छींद वाले हनुमान और हलाली बाँध रायसेन जिले के प्रमुख पर्यटन केन्द्र है।

(29) बड़ा महल, राजमहल, श्रीनाथ मंदिर, मिठ्ठन शाह दरगाह एवं कपिलेश्वर मंदिर राजगढ़ जिले में स्थित नहीं है।

(30) शाजापुर जिले की चार तहसीलों को पृथक कर निर्मित नया आगर–मालवा जिला परमार राज्य की राजधानी और सिंधिया राज्य का मण्डल रहा है।

## खण्ड – '4' (दिये गये विकल्पों में से रिक्त स्थान की पूर्ति किजिये)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 31 से 40 तक के प्रश्नों में एक–एक रिक्त स्थान दिया गया है साथ ही 10 विकल्प भी प्रश्नों के साथ अंकित हैं आपको दिये गयें विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सम्मुख लिखना है।**

**{होशंगाबाद, पचमढ़ी, जेम्स रेन रस्टन, सागर, दमोह, बैतूल पन्ना, आष्टा, विदिशा, सारंगपुर}**

(31) सिहोर जिले में विंध्याचल पहाड़ों से घिरा हुआ पार्वती नदी के किनारे स्थित नगर ..................................है। जो किले एवं मुगालिया मस्जिद हेतु प्रसिद्ध है।

(32) राजगढ़ किले में .......................... नगर स्थित हैं, यहाँ रानी रूपमती एवं बाज–बहादुर की स्मृति में दो स्मारक हैं, इसे बावनगजा एवं त्रेपन गलियों के नगर के रूप में पहचाना जाता है।

(33) हॉलियोडोरस स्तम्भ, कुरबाई हिण्डोला, तोरण, अठखम्बा बाज............ ..................... जिले के पर्यटन केन्द्र हैं।

(34) पर्यटन केन्द्र बालाजीपुरम, भंवरगढ़, बरसाली, बायगों, तथा बाबामठार देव मढ़िया ...................... जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं।

(35) सिठानी घाट, खेड़ापति माता मंदिर, कमलीशाह बाबा की दरगाह, फैन्ड्स सरल सेंटर एवं सेंट जॉर्ज चर्च .... .................जिले के पर्यटन स्थल है।

(36) मध्य प्रदेश में प्रपातों की नगरी के रूप में ..................... पर्यटन केन्द्र को जाना जाता है, जहाँ रजत् प्रपात, डचेस प्रपात, बी प्रपात, अप्सरा विहार प्रपात आदि पर्यटन स्थल हैं।

(37) हरदा जिले में मील के पत्थर सीमा चिन्ह हेतु स्थापित घंटाघर ....................... इंजीनियर के द्वारा स्थापित किया गया जिन्होंने इस नगर की जल–प्रदाय एवं नगर विकास योजना की विशेष रूप से स्थापित किया।

(38) लाखा बंजारा झील, किला सागर, पीली–कोठ़ी, गढ़ पहरा, तथा भारत के प्रथम झूला पुल सानोधा ............................ जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं।

(39) कुण्डलपुर गिरिदर्शन, नजारा, निदानकुण्ड, आदिश्वरगिरि और भैसा घाट ............................ जिले के पर्यटन केन्द हैं।

(40) पुराणों में पद्यमावती पुरी, रामायण में किल–किला खण्ड तथा जनश्रुतियों में सत्युग राजा पद्यामावत को राजधानी तथा राजा दधीचि की नगरी के रूप में ........................पर्यटन जिले को जाना जाता है।

## खण्ड – '5' (सही जोड़ी मिलायें)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 41 से 50 तक के प्रश्नों में दो खण्ड है प्रथम खण्ड ''अ'' में प्रश्न हैं तथा द्वितीय खण्ड ''ब'' में उसके उत्तर हैं। आपको खण्ड ''ब'' से सही उत्तर का चयन करके उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक 40 से 50 के सम्मुख अंकित करना है।**

| | | |
|---|---|---|
| (41) | पूर्वी निवाड़ खण्डवा जिले में कार्तिक माह में प्रतिवर्ष आयोजित मेला जहाँ शिव पूजा होती है। | ओरछा (टीकमगढ़) |
| (42) | सीधी जिले गोधरा गाँव में प्रतिवर्ष आयोजित मेला जहाँ 01 सप्ताह तक देवी आराधना होती है। | माण्डू (धार) |
| (43) | ग्वालियर घराने के अकबर के नौ रत्नों में एक ध्रुपद शैली के विख्यात गायक जिनका मकबरा ग्वालियर में स्थित है। | चरण पादुका (हत्याकाण्ड) |
| (44) | राजा विक्रमादित्य के नौ रत्नों में एक संस्कृत के सर्वश्रेष्ठ नाटककार जिनकी तुलना शेक्सपियर से की जाती है। | मान्धाता मेला |
| (45) | त्योहारों पर घर–आंगन में, पूजन स्थलों पर विविध रंगो से कलाकृति बनाना, घर एवं मांगलिक स्थलों की साज–सज्जा एक पारम्परिक लोकचित्र कला | नरवर (शिवपुरी) |
| (46) | राजा नल एवं रानी दमयंती की राजधानी जिनके महल में चित्रकला, वास्तुकला एवं शिल्पकला के विविध स्वरूप स्थित है। | चण्डीदेवी का मेला |
| (47) | सत्रहवीं शताब्दी में राजावीर सिंह जुदेव ने मुगल सम्राट जहांगीर के सम्मान में जहांगीर महल बनवाया। | बाबई (होशंगाबाद) |
| (48) | शादिया बाद के नाम से प्रसिद्ध जिसका अर्थ आनंद का नगर यहाँ बारह दरवाजों का विशाल महल परिसर है। बाज–बहादुर रूपमति की नगरी है। | संगीतकार तानसेन |
| (49) | बुन्देलखण्ड में सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान नमक कानून तोड़ा गया जहाँ आयोजित सभा में ब्रिटिश एजेन्ट् फिशर ने बिना सूचना के गोलियाँ चलवाई जिसमें 21 (इक्कीस) लोग शहीद हुये। | माण्डना |
| (50) | एक भारतीय आत्मा के नाम से प्रसिद्ध राष्ट्रीय काव्य धार के प्रणेता माखनलाल चतुर्वेदी की जन्म स्थली। | महाकवि कालीदास |

## खण्ड – '6' (एक शब्द में उत्तर दीजिये)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 51 से 60 तक में किसी पर्यटन केन्द्र में कला/संस्कृति पर कथन/प्रश्न दिया गया है, इसका उत्तर एक शब्द में उत्तर पुस्तिका में लिखना है।**

(51) हरदा एवं रायसेन जिले के मध्य विभाजन करने वाली नदी कौन सी है ? जिसके एक किनारे पर हण्डिया एवं दूसरे किनारे पर नेमावार है ? उस नदी का नाम लिखिये ?

(52) पर्यावरण तथा पर्यटन के संयुक्त विकास हेतु भारत के मध्य प्रदेश में कौन सा उल्लेखनीय कार्य वन–विभाग द्वारा किया गया है ? जिसमें जंगल कैंप तथा पर्यटन सम्मिलित हैं ?

(53) रायसेन के निकट चट्टानों पर दुर्लभ चित्रकला की खोज सन् 2009 में की गई यह चट्टान किस नाम से जानी जाती है ?

(54) संगीत सम्राट तानसेन का मकबरा महारानी लक्ष्मी बाई की समाधि मध्य प्रदेश के किस जिले में है ?

(55) मध्य प्रदेश आदिवासी लोक–कला परिषद के द्वारा जन–जातियों की कला, संस्कृति एवं जन जीवन पर आधारित जन–जातीय संग्रहालय कहाँ स्थित है ?

(56) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जन–जातीय विश्व विद्यालय मध्य प्रदेश के किस जिले में है ? यही दुर्गाधारा कपिल धारा–शंभू धारा, दुग्ध धारा जलप्रपात भी हैं ?

(57) मध्य प्रदेश के किस जिले में विराटेश्वर मंदिर, करकरी गढ़ी, कंकाली मंदिर, गोदावल तपो स्थलों तथा विशाल बाण सागर बाँध स्थित है ?

(58) उमरार बाँध, चंदिया खास, विरासनी देवी मंदिर चैंचपुर जल प्रपात भाँमरा बाँध एवं अमोल खोह मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित ह ?

(59) सतना जिले का कौन सा पर्यटन स्थल जो मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों में विभाजित है/विस्तारित है ?

(60) राजा नृपुल देव द्वारा निर्मित शारदा मंदिर, बृजन विलास पैलेस, आल्हा मंदिर, मदिना भवन गोपाल बाग मंदिर किस जिले में स्थित है ?

## खण्ड – '7' (शब्द –युग्म/समानुपातिक विकल्प)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 61 से 70 तक में प्रश्न के दो खण्ड है प्रथम खण्ड में एक शब्द – युग्म है जिसमे प्रश्न एवं उत्तर का जोड़ा दिया गया है, द्वितीय खण्ड के शब्द–युग्म में प्रश्नांश दिया गया है आपको उसका सही उत्तर, उत्तर पुस्तिका में दिये गये प्रश्न क्रमांक के सम्मुख लिखना है।**

| | प्रथम खण्ड | द्वितीय खण्ड |
|---|---|---|
| (61) | उदयगिरी गुफायें: विदिशा | माड़ा गुफायें :................................................ |
| (62) | व्हाईट टाईगद सफारीः मुकुन्दपुर (सतना) | संजय डुबरी टाईगर :................................ |
| (63) | जगत द्व तालाब : सतना | दल सागर तालाब :.................................... |
| (64) | नवरात्रि मेला : मैहर (सतना) | गोटमार मेला : ............................................ |
| (65) | शरद् पूर्णिमा मेला : भेड़ाघाट (जबलपुर) | नाग द्वारी मेला : ........................................ |
| (66) | पातालकोट : छिंदवाड़ा | डमरू घाटी : ............................................... |
| (67) | कुकड़ीपापा जलप्रपात : छिंदवाड़ा | बाकलजल बावड़ी : ....................................... |
| (68) | पेंच राष्ट्रीय उद्यान : छिन्दवाड़ा | केन घड़ियाल अभ्यारण्यः............................. |
| (69) | विश्वनाथ मंदिर : वणगंवा (कटनी) | हनुमान चालीसा मंदिरः ............................ |
| (70) | लाल कोटी : टीकमगढ़ | शिकार कोटी छिहिया : ............................ |

## खण्ड – '8' (समूह में पृथक विकल्प)

टीप – **प्रश्न क्रमांक 71 से 80 तक प्रत्येक प्रश्न हेतु 4 – 4 विकल्प दिये गये हैं इनमें से तीन विकल्प एक समुह विशेष को प्रदर्शित करते हैं चौथा विकल्प इनसे भिन्न है, भिन्न विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका के प्रश्न क्रमांक के सम्मुख लिखना है।**

(71) ग्वालियर जिले में निम्न में से एक पर्यटन स्थल नहीं है –

(अ) मान मंदिर महल (ब) हाथीपोल

(स) सास बहु का मंदिर (द) माण्डरे माता मंदिर

(72) गुना जिले में निम्न में से एक पर्यटन स्थल स्थित नहीं है –

(अ) बजरंगगढ़ किला (ब) गोपी कृष्ण सागर बाँध

(स) भालपुर गुफायें (द) करीला माता मंदिर

(73) अशोक नगर के पर्यटन स्थल चन्देरी में निम्न में से एक पर्यटन केन्द्र नहीं है –

(अ) बादल महल (ब) शहज़ादी का रोजा

(स) रामनगर महल (द) सिरोलपुर की बावड़ी

(74) मध्यप्रदेश में कला एवं संस्कृति संवर्धन एवं विस्तार के लिये अनेक अकादमियाँ स्थापित की गई है। इनमें से एक नहीं है –

(अ) मध्यपदेश उर्दू अकादमी (ब) मध्यप्रदेश सिंधी अकादमी

(स) मध्यप्रदेश पंजाबी अकादमी (द) मध्यप्रदेश तमिल अकादमी

(75) मध्यप्रदेश के लोक–संगीत में लोकगीतों का महत्व है निम्नलिखित में एक लोकगीत गायन मध्यप्रदेश का नहीं है –

(अ) तेजी का गायन (ब) विदेशिया गायन

(स) बंबूलिया गायन (द) ढ़ोला मारू गायन

(76) मध्यप्रदेश की लोक–चित्रकला पर्यटकों को आकर्षित करती है जो उनके घर की दीवारों में कलात्मक शोभा बढ़ाती है निम्न में से एक कला मध्य प्रदेश की नहीं है –

(अ) कत्यानयन (ब) माण्डना

(स) गोदना (द) गोबरधन

(77) मध्यप्रदेश लोक नाट्य पर्यटन एवं संस्कृति द्दष्टि से महत्वपूर्ण नहीं है निम्न में से एक लोकनाट्यकला नहीं है –

(अ) काठी (ब) दण्डकारण्य

(स) स्वांग (द) हिन्गोला रास

(78) छतरपुर जिले के पर्यटन केन्द्रों में निम्न में से एक किसी अन्य जिले का है –

(अ) छत्रसाल स्मारक भवन (ब) सरस्वती सदन पुस्तकालय

(स) मकड़ाई किला (द) गढ़ी मलहरा

(79) जबलपुर जिले में अनेक पर्यटन स्थल हैं निम्न में से एक स्थल जबलपुर में नहीं है –

(अ) गुप्तेश्वर महादेव (ब) परशुराम मंदिर

(स) संतुलित चट्टान (द) फकीर चंद्र का अखाड़ा

(80) कटनी जिला चूने की नगरी के रूप में जाना जाता ह निम्न में से एक पर्यटन स्थल कटनी जिले का नहीं है –

(अ) विजयराघवगढ़ का किला (ब) नदींश्वर द्वीप

(स) रूपनाथ धाम (द) भारत का केन्द्र बिन्दु करोंदी कला

## खण्ड – '9' व्याख्या आधारित रिक्त स्थान –

**टीप – प्रश्न क्रमांक 81 से 90 तक में आपको एक पर्यटन केन्द्र विशेष के संबंध में संक्षिप्त विवरण/पर्यटन महत्व संबंधी व्याख्या दी गई है इसे पढ़कर आपको उस पर्यटन केन्द्र का सही नाम उत्तर पत्रक में प्रश्न क्रमांक के सामने अंकित करना है।**

(81) इस पर्यटन केन्द्र के ऐतिहासिक जिला, सुन्दर महल में, दीवाने आम में मध्यप्रदेश की एक जन–जाति सहारिया पर आधारित संग्रहालय है जिसमें उनके आवास, दिनचर्या, पारम्पिरिक एवं व्यवसायिक कार्य/पंचायत सहित इनकी चित्रकला, आभूषण, कलाकारी, जड़ी–बूटी आदि को प्रदर्शित किया गया है इस पर्यटन केन्द्र का नाम क्या है ?

(82) महाकौशल क्षेत्र में 1836 में ठगो एवं पिण्डारियों के आतंक से ब्रिटिश शासन ने उनका अंत किया। उनके बच्चों हेतु दरी बनाने का केन्द्र दरीखाना खोला गया। सन् 1947 में इसे शिक्षा विभाग को स्थानान्तरित कर शासकीय सुधारालय घोषित किया गया। यह किस जिले में स्थित है।

(83) मध्यप्रदेश का मेलों का शहर जहाँ सदियों पुराने मेलों का आयोजन हो रहा है जिसमे माण्डादेव मेला, महादेव मेला, भूरा–भगत मेला, मेघनाथ मेला, पातालेश्वर मेला कालीराम मेला, एक षष्ठी मेला, नेर जमुनिया मेला एवं गौरैया देव मेला प्रमुख है यह मध्य प्रदेश का कौन सा पर्यटन जिला है।

(84) अंग्रेज कप्तान जेम्स फोरसिथ में अपनी पुस्तक "द हाई लैण्ड ऑफ सेन्ट्रल इण्डिया" इस पर्वतीय स्थल का उल्लेख किया है। अंग्रेजों ने यहाँ के राजा भबूतसिंह को धोखे से मारकर इस पर कब्जा किया। सन् 2009 में इसे यूनेस्को ने जैव–मण्डल सूची में जोड़ा इस स्थान का नाम क्या है।

(85) राजगढ़ के निकट स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर, जलमंदिर गौधारी, छोटा महादेव, बड़ा महादेव मंदिर, रामलला रघुराथ मंदिर, हिंगलाज माता मंदिर, कोटरा वाली माता मंदिर, इस पर्यटन केन्द्र को प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक द्दष्टि से विशेष पर्यटन केन्द्र मानते हैं। इस पर्यटन केन्द्र का नाम क्या है।

(86) नर्मदा नदी के किनारे स्थित पर्यटन केन्द्र जहाँ, देश के बारह ज्योर्तिलिंगो में से एक ज्योर्तिलिंग स्थित है, साथ ही यहां पर स्थित सिद्धनाथ मंदिर, चौबीस अवतारमंदिर, आभादेवी मंदिर, पंचमुखी गणेश मंदिर अन्नपूर्णा आश्रम तथा विष्णु मंदिर प्रमुख है। मध्य प्रदेश का यह कौन सा पर्यटन स्थल है।

(87) दोस्त मोहम्मद ख़ान ने जगदीशपुरा दुर्ग जीतकर इस नगर को बसाया। बाद में इसे भोपाल राज्य की राजधानी बनाया। रानी महल, चयन महल, मुगल गार्डन, शीश महल हमाम तथा फव्वारे युक्त बारादरी, यहाँ के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। इस नगर का नाम क्या है।

(88) प्राकृतिक स्थल को सुनियोजित रूप से बसाते हुये इस नगर की स्थापना की गई। वहाँ कमला पार्क, किलोल पार्क, वर्धमान पार्क, शीतलदास की बगिया, प्रिय–दर्शनी पार्क, गुलाब उद्यान, चिनार पार्क, एकांत पार्क, रिषभ देव उद्यान, नर्मदा परिक्रमा पार्क, स्वण जयंती उद्यान, कमला नेहरू पार्क एवं यातायात पार्क की स्थापना की गई। उक्त पर्यटन स्थल का नाम बतायें।

(89) मध्य प्रदेश के इस नगर में छतरियाँ महल, जल स्त्रोत, राष्ट्रीय उद्यान पक्षी अभ्यारण्य आदि पर्यटन स्थल हैं पर्यटन की द्दष्टि से यह एक सम्पूर्ण आनंदमयी स्थल माना जा सकता है। इनमें सिंधिया राजवंश की छतरियाँ माधव राष्ट्रीय उद्यान, संख्या सागर, माधव सागर, झील माधव–विलास महल, कटेरा पक्षी, अभ्यारण्य, पावा, सुल्तान गढ़ झरना यहां कि पर्यटन विरासत है, इस स्थान का नाम लिखें।

(90) मध्य प्रदेश के इस पर्यटन केन्द्र में रावण की प्रतिमा (खानपुर) रावण की ससुराल (मंदोदरी का मायका) धर्म राजेश्वर गुफायें (चंद्रबासा) हिंगलाजगढ़ (किला तथा दुर्ग) जैन तीर्थ पारासली, रघुवीर लायब्रेरी (शोध संस्थान) भानपुरा संग्रहालय प्रमुख हैं। इस पर्यटन केन्द्र का नाम बतायें।

## खण्ड – '10' गद्यांश पर अधारित प्रश्न

**टीप – प्रश्न क्रमांक 91 से 100 हेतु आपको मध्य प्रदेश के पर्यटन की पृष्ठभूमि विस्तार एवं नवाचार हेतु एक गद्यांश पैराग्राफ दिया गया है। इस गद्यांश को पढ़कर इसके आधार पर प्रश्न क्रमांक 91 से 100 के उत्तर पुस्तिका में लिखें –**

पर्यटन मनुष्य के मन की भावना है, जो प्राकृतिक तथा भौतिक संसार के साथ मानवीय रिश्तों को परिभाषित कर संवाद स्थापित करने की प्रेरणा देती है, मध्य प्रदेश पर्यटन की द्दष्टि से पुरातत्व इतिहास धर्म संस्कृति और प्राकृतिक पर्यटन के पंचतत्वों के कारण महत्वपूर्ण है, मध्य प्रदेश में सतपुड़ा एवं विध्याचल की विशाल पर्वत मालाओं का विस्तार है। यहाँ प्रदेश की जीवन दायिनी माँ नर्मदा का अविरल प्रवाह है। सभी धर्मों के धार्मिक तथा आध्यात्मिक स्थल है, मध्य प्रदेश सांस्कृतिक विविधताओं का प्रदेश है जहाँ नित्य, संगीत, लोककला सहित कुम्भ (सिंहस्थ) का भी आयोजन पवित्र क्षिप्रा नदी के तट पर होता है। आदि–वासियों की जीवन शैली से परिचय कराने हेतु छिन्दवाड़ा, शिवपुरी और भोपाल में जन–जातीय संग्रहालय है। यहाँ भारत के सभी प्रदेशों की लोक संस्कृति से साक्षात्कार हेतु पर्यटक आते हैं।

यहाँ पर देश का एक मात्र मानव संग्रहालय स्थित है। प्राकृतिक द्दष्टि से टाईगर स्टेट के रूप में इसकी पहचान है। यहाँ मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड (2017) के गठन के साथ सभी जिलों में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद का विस्तार है। वर्तमान मध्य प्रदेश पर्यटन नीति के अन्तर्गत पर्यटन क्षेत्र में अनेक नवाचार हुए हैं। जिसमें हैरिटेज वॉक, बुद्ध सर्किट, वाइल्ड लाइफ सर्किट, सहित जल पर्यटन को अत्याधिक बढ़ावा दिया जा रहा है। वही विविध उत्सव मेलों तथा साहसिक खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। हनुवंतिया, बरगी एवं गांधी सागर में जल पर्यटन आयोजित किये गये है। मध्य प्रदेश में पर्यटन संबंधी पाठ्यक्रम हेतु 5 (पाँच) खाद्य शिल्प, प्रशिक्षण संस्थान भोपाल, इन्दौर, जबलपुर, रीवा तथा खजुराहो में आरम्भ किये गये हैं।

अपठित गद्यांश पर प्रश्न –

(91) प्राकृतिक तथा भौतिक संसार के साथ मानव के रिश्तों को जोड़ने में क्या सहायक है?

(92) मध्य प्रदेश पर्यटन में पंचतत्वों में इतिहास, धर्म, संस्कृति तथा पुरातत्व के अलावा कौनसा पांचवा तत्व समाहित है ?

(93) मध्य प्रदेश में सतपुड़ा की रानी के नाम से कौन सा पर्यटन केन्द्र प्रसिद्ध है ?

(94) भारत में कला और संस्कृति के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को किन विविधताओं का प्रदेश में माना जाता है ?

(95) मध्य प्रदेश में आयोजित कुम्भ का क्या नाम है ?

(96) मध्यप्रदेश में छिन्दवाड़ा व शिवपुरी के बाद किस नगर में जन–जातीय संग्रहालय स्थापित किया गया है ?

(97) मध्यप्रदेश में कुम्भ का आयोजन किस नदी के किनारे होता है ?

(98) हैरिटेज वॉक, बुद्ध सर्किट, वाइल्ड लाइफ सर्किट, सहित जल पर्यटन को किसमें शामिल किया गया है ?

(99) हनुवंतिया, मध्य प्रदेश का किस पर्यटन का अह्म केन्द्र है ?

(100) मध्य प्रदेश में खाद्य शिल्प प्रशिक्षण संस्थान छतरपुर जिले के किस पर्यटन केन्द्र में स्थित है ?

# मध्यप्रदेश पर्यटन

## क्विज प्रतियोगिता 2018

The heart of Incredible India

MP TOURISM QUIZ COMPETITION 2018

## उत्तर पुस्तिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ........................ | 26. ........................ | 51. ........................ | 76. ........................ |
| 2. ........................ | 27. ........................ | 52. ........................ | 77. ........................ |
| 3. ........................ | 28. ........................ | 53. ........................ | 78. ........................ |
| 4. ........................ | 29. ........................ | 54. ........................ | 79. ........................ |
| 5. ........................ | 30. ........................ | 55. ........................ | 80. ........................ |
| 6. ........................ | 31. ........................ | 56. ........................ | 81. ........................ |
| 7. ........................ | 32. ........................ | 57. ........................ | 82. ........................ |
| 8. ........................ | 33. ........................ | 58. ........................ | 83. ........................ |
| 9. ........................ | 34. ........................ | 59. ........................ | 84. ........................ |
| 10. ........................ | 35. ........................ | 60. ........................ | 85. ........................ |
| 11. ........................ | 36. ........................ | 61. ........................ | 86. ........................ |
| 12. ........................ | 37. ........................ | 62. ........................ | 87. ........................ |
| 13. ........................ | 38. ........................ | 63. ........................ | 88. ........................ |
| 14. ........................ | 39. ........................ | 64. ........................ | 89. ........................ |
| 15. ........................ | 40. ........................ | 65. ........................ | 90. ........................ |
| 16. ........................ | 41. ........................ | 66. ........................ | 91. ........................ |
| 17. ........................ | 42. ........................ | 67. ........................ | 92. ........................ |
| 18. ........................ | 43. ........................ | 68. ........................ | 93. ........................ |
| 19. ........................ | 44. ........................ | 69. ........................ | 94. ........................ |
| 20. ........................ | 45. ........................ | 70. ........................ | 95. ........................ |
| 21. ........................ | 46. ........................ | 71. ........................ | 96. ........................ |
| 22. ........................ | 47. ........................ | 72. ........................ | 97. ........................ |
| 23. ........................ | 48. ........................ | 73. ........................ | 98. ........................ |
| 24. ........................ | 49. ........................ | 74. ........................ | 99. ........................ |
| 25. ........................ | 50. ........................ | 75. ........................ | 100. ........................ |

### प्रतिभागी दल के सदस्यों के नाम

1. नाम.......................................................................... 2. नाम..........................................................................

3. नाम.......................................................................... 4. नाम..........................................................................

हस्ताक्षर          हस्ताक्षर          हस्ताक्षर          हस्ताक्षर

विद्यालय का नाम.......................................................................................जिला .........................................

कुल प्राप्तांक (अंको में)..................................शब्दों में ..........................................................................................

मूल्यांकनकर्ता का नाम एवं हस्ताक्षर ...........................................................................................

पर्यवेक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर ...........................................................................................

# मध्यप्रदेश पर्यटन
# क्विज प्रतियोगिता 2018

## आर्दश उत्तर पुस्तिका

1. (ब) गुदमबाजा
2. (स) सुमावली किला
3. (अ) कोटिदेव गिरि
4. (ब)बलुआ पत्थर
5. (स) अवंती बाई
6. (द) भीम बैठिका
7. (अ) बौद्धकालीन
8. (ब) भोपाल
9. (द) सत्खण्डा महल
10. (स) गंधर्वपुरी
11. त्रिपोलिया गेट
12. दाउदी बोहरा
13. आगर–मालवा
14. शिवानी नदी
15. नीमच
16. स्कन्द पुराण
17. गीता भवन (इन्दौर)
18. फड़के स्टुडियों
19. अलीराजपुर
20. झाबुआ
21. सही
22. गलत
23. सही
24. सही
25. गलत
26. सही
27. गलत
28. सही
29. गलत
30. सही
31. आष्टा नगर
32. सारंगपुर
33. विदिशा
34. बैतूल
35. होशंगाबाद
36. पचमढ़ी
37. जेम्स रेन रस्टन
38. सागर
39. दमोह
40. पन्ना
41. मान्धाता मेला
42. चण्डीदेवी मेला
43. संगीतकार तानसेन
44. महाकवि कालीदास
45. माण्डना
46. नरवर (शिवपुरी)
47. ओरछा (टीकमगढ़)
48. माण्डू (धार)
49. चरण पादुका हत्याकाण्ड
50. बाबई होशंगाबाद
51. नर्मदा
52. ईको पर्यटन विकास
53. मृगेन्द्रनाथ गुफा
54. ग्वालियर
55. भोपाल
56. अनूपपुर
57. शहडोल
58. उमरिया
59. चित्रकूट
60. मैहर
61. सिंगरौली
62. सीधी
63. सिवनी
64. पाण्डुरना (छिन्दवाड़ा)
65. पचमढ़ी
66. नरसिंहपुर
67. कटनी
68. पन्ना
69. टहरी (टिकमगढ़)
70. रीवा
71. (द) माण्डरे माता मंदिर
72. (द) करीला माता मंदिर
73. (द) सिरोलपुर की बावड़ी
74. (द) म.प्र. तमिल अकादमी
75. (द) ढ़ोला मारू गायन
76. (अ) कत्यानयन
77. (ब) दण्डकारण्य
78. (स) मकड़ाई किला
79. (ब) परशुराम मंदिर
80. (ब) नंदीश्वर द्वीप
81. श्योपुर
82. सिवनी
83. छिन्दवाड़ा
84. पचमढ़ी
85. नरसिंहगढ़
86. ओंकारेश्वर
87. इस्लाम नगर (भोपाल)
88. भोपाल
89. शिवपुरी
90. मंदसौर
91. पर्यटन
92. प्राकृतिक
93. पचमढ़ी
94. सांस्कृतिक
95. सिंहस्थ
96. भोपाल
97. क्षिप्रा नदी
98. पर्यटन नीति
99.जल पर्यटन (उत्सव)
100. खजुराहो